इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 22] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 1 जून 2012—ज्येष्ठ 11, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 मई 2012

क्र. ई.-1-179-2011-5-एक.—मध्यप्रदेश संवर्ग को आवंटित भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के निम्नलिखित परिवीक्षाधीन अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रथम चरण के प्रशिक्षण समाप्ति पर राज्य में प्रशिक्षण के लिये उनके नाम के सामने दर्शाये जिलों में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया जाता है :—

स. क्र.	अधिकारी का नाम	सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थापना का जिला
(1)	(2)	(3)
1	सुश्री अनुग्रह पी	उज्जैन
2	श्री बी. विजय दत्ता	रीवा
3	श्री हरजिंदर सिंह	होशंगाबाद
4	श्री मोहित बुंदास	ग्वालियर
5	सुश्री नेहा मार्व्या	बैतूल
6	सुश्री रूचिका दिवाकर	सीहोर
7	श्री सौरभ कुमार सुमन	जबलपुर
8	श्री व्ही. एस. चौधरी कोलसानी	इंदौर
9	श्री विजय कुमार जे.	सागर

(2) उपर्युक्त अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में प्रथम चरण के प्रशिक्षण के बाद कार्यमुक्त होने पर, कार्यग्रहण अवधि का लाभ उठाकर अपनी पदस्थापना के जिले में कार्यभार ग्रहण करेंगे.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

भोपाल, दिनांक 11 मई 2012

क्र. ई. 5-850-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री बी. एम. शर्मा, आय.ए.एस., कलेक्टर, जिला धार को दिनांक 18 जून से 7 जुलाई 2012 तक, बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 16, 17 जून एवं 8 जुलाई 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री बी. एम. शर्मा की अवकाश की अवधि में श्री अशोक चौहान राप्रसे., अपर कलेक्टर, धार को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला धार का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. एम. शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला धार के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. एम. शर्मा द्वारा कलेक्टर, जिला धार का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अशोक चौहान, कलेक्टर, जिला धार के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. एम. शर्मा को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. एम. शर्मा, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-570-आयएएस-लीव-एक-5 .—(1) श्री अजीत केसरी, आय.ए.एस. आयुक्त, पुनर्वास एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को दिनांक 23 से 30 मई 2012 तक, आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अजीत केसरी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, पुनर्वास एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अजीत केसरी को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजीत केसरी, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 16 मई 2012

क्र. ई. 5-776-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री बी. चन्द्रशेखर, आय.ए.एस., कलेक्टर, जिला बैतूल को दिनांक 16 से 23 मई 2012 तक, आठ दिन के एक्स इंडिया अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) श्री बी. चन्द्रशेखर की अवकाश अवधि में श्री शिवनारायण सिंह चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बैतूल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला बैतूल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. चन्द्रशेखर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला बैतूल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. चन्द्रशेखर द्वारा कलेक्टर, जिला बैतूल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शिवनारायण सिंह चौहान, कलेक्टर, जिला बैतूल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. चन्द्रशेखर को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. चन्द्रशेखर, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-845-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री के. सी. जैन, आय.ए.एस. उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को दिनांक 11 से 30 जून 2012 तक, बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. जैन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. सी. जैन को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. जैन, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-631-आयएएस-लीव-एक-5 .—(1) श्री संजय दुबे, भाप्रसे, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इंदौर तथा औद्योगिक

केन्द्र विकास निगम, इन्दौर को दिनांक 2 से 23 जून 2012 तक बाईस दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 24 जून 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री संजय दुबे की अवकाश अवधि में श्री अमित राठौर, आयएएस., आयुक्त वाणिज्यिक कर इंदौर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इंदौर तथा औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय दुबे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इंदौर तथा औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय दुबे द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इंदौर तथा औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अमित राठौर, आय.ए.एस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इंदौर तथा औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, इन्दौर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय दुबे को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय दुबे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 18 मई 2012

क्र. ई. 5-781-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री आर. के. माथुर, आय.ए.एस., कमिश्नर, सागर संभाग, सागर को दिनांक 12 से 23 जून 2012 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 24 जून 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री आर. के. माथुर की अवकाश की अवधि में डॉ. ई. रमेश कुमार, कलेक्टर, सागर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, सागर संभाग, सागर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. माथुर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न, कमिश्नर, सागर संभाग, सागर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आर. के. माथुर द्वारा कमिश्नर, सागर संभाग, सागर का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. ई. रमेश कुमार, कमिश्नर, सागर संभाग, सागर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री माथुर को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री माथुर, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 18 मई 2012

क्र. एफ. ए.-5-08-2011-एक(1).—माननीय न्यायाधिपति श्री अनिल कुमार शर्मा, अपर न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर जिनकी नियुक्ति भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय (न्याय विभाग), नई दिल्ली की अधिसूचना क्रमांक के. 13025-01-2012-यूएस-।।, दिनांक 28 मार्च 2012 द्वारा न्यायाधीश के पद पर की गई है ने अपने पद का कार्यभार दिनांक 3 अप्रैल 2012 को पूर्वान्ह में ग्रहण कर लिया है.

क्र. एफ. ए.-5-13-2011-एक(1).—माननीय न्यायाधिपति श्री मूलचन्द गर्ग, अपर न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर जिनका कार्यकाल भारत सरकार, विधि और न्याय मंत्रालय (न्याय विभाग), नई दिल्ली की अधिसूचना क्रमांक के. 13025-02-2012-यूएस-।।, दिनांक 3 अप्रैल 2012 द्वारा दो वर्ष अवधि बढ़ाई जाने से अपने पद का कार्यभार दिनांक 10 अप्रैल 2012 को पूर्वान्ह में ग्रहण कर लिया है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय शर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 11 मई 2012

क्र. ई. 5-762-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. पी. अहिरवार, आय.ए.एस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग को दिनांक 3 से 7 मई 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. अहिरवार को अस्थायी

रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. पी. अहिरवार को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. अहिरवार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव "कार्मिक".

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 17(ई)24-2011-इक्कीस-ब(एक)-3192-11-1383-12.—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)24-2011-इक्कीस-ब(एक)-3192-011, दिनांक 13 सितम्बर 2011 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, श्रीमती सईदा बानो रहमान, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश एवं विद्युत् अधिनियम, 2003 के अधीन, विशेष न्यायालय, भोपाल की न्यायाधीश को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अधीन आने वाले मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम से संबंधित मामलों के विचारण के लिये विशेष न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करता है.

F. No. 17(E)24-2011-XXI-B(1)3192-11-1283-12.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1), of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), and in supersession of the department's Notification F.N.17(E)24-2011-XXI-B(1)3192-11, dated 13th September 2011, the State Government with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, appoints Smt. Sayeeda Bano Rehman, Additional Sessions Judge & Judge of the Special Court, Bhopal, under the Electricity Act, 2003 as Special Judge for the trial of cases related to Madhya Pradesh State Industrial Development Corporation falling under the Prevention of Corruption Act, 1988.

भोपाल, दिनांक 16 मई 2012

फा. क्र. 1(अ)02-2012-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, इन्दौर हेतु स्वीकृत उप महाधिवक्ता के एक पद को समाप्त कर एक अतिरिक्त महाधिवक्ता का पद पारिश्रमिक रुपये 25,000/-(पच्चीस हजार केवल) प्रतिमाह अथवा भविष्य में पारित आदेशानुसार परिवतर्नीय पर एतद्द्वारा सृजित करता है.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (14) कानूनी सलाहकार और परिषद् (3428) महाधिवक्ता 01 वेतन 001 अधिकारियों का वेतन के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

इस संबंध में वित्त विभाग के यू. ओ. क्रमांक 502-आर.631-बजट 8-चार, दिनांक 24 अप्रैल 2012 द्वारा सहमति प्रदान की गई है. अतः यह विभाग इस आदेश को वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर को पृष्ठांकित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 15 मई 2012

संशोधन आदेश

फा. क्र 1(सी)-13-2005-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2012 में निम्नानुसार आंशिक संशोधन करता है :—

उक्त आदेश के पैरा 1 की पंक्ति 4 में (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4(1) के स्थान पर (अत्याचार निवारण) अधिनियम, की धारा 15 पढ़ा जावे.

भोपाल, दिनांक 18 मई 2012

फा. क्र. 1(बी)-47-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वार श्री संभाजीराव गावडे पुत्र स्व. श्री बालासाहेब गावडे, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये धार सत्र खण्ड के धार राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक, धार नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(**टीप.**—श्री संभाजीराव गावडे की जन्मतिथि 24-11-1975 चौबीस नवम्बर उन्नीस सौ पिचहत्तर अनुसार उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 24-11-2037 चौबीस नवम्बर दो हजार सैंतीस को पूर्ण होगी.)

भोपाल, दिनांक 22 मई 2012

फा. क्र. 17(ई)-105-2007-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 10 नवम्बर 2007 द्वारा श्री आर. के. दुबे, अधिवक्ता, निवासी-शांति नगर, जिला जबलपुर को जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी दिनांक 23 जून 2010 को मृत्यु हो जाने के कारण आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)-489-2008-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 20 अगस्त 2008 द्वारा श्री जे. पी. पटेरिया, अधिवक्ता, निवासी-म. नं. 529, मदन महल चौक, नरसिंह वार्ड, जिला जबलपुर को जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी दिनांक 16 अप्रैल 2010 को मृत्यु हो जाने के कारण आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)-322-2006-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 25 जनवरी 2006 द्वारा श्री सुरेश कुमार कक्कड़ा, अधिवक्ता, निवासी-सदर बाजार, जिला सागर को जिला मुख्यालय, सागर में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी दिनांक 5 अप्रैल 2012 को मृत्यु हो जाने के कारण आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, सागर में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)-20-2008-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 5 मई 2008 द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह ठाकुर, अधिवक्ता, निवासी-गुरू मोहल्ला, तह. पाटन, जिला जबलपुर को तहसील पाटन, जिला जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनके द्वारा दिनांक 5 मई 2008 को त्याग-पत्र दिये जाने के कारण आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील पाटन, जिल जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)-192-2006-इक्कीस-ब(दो).—दिनांक 6 नवम्बर 2006 द्वारा श्री सुभाष गुप्ता, अधिवक्ता, निवासी-जय नगर, लेबर चौकी, यादव कालोनी, जिला जबलपुर को जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी दिनांक 2 दिसम्बर 2010 को मृत्यु हो जाने के कारण आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, जबलपुर में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल वर्मा, सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 मई 2012

क्र. एफ 1(ए) 280-76-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 फरवरी 2012 एवं समसंख्यक संशोधित आदेश दिनांक 22 मार्च 2012 द्वारा श्री एच. के. सरीन, भापुसे, पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल को दिनांक 2 अप्रैल 2012 का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करते हुये, राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 के विस्तार वर्ष 2012 में निम्नानुसार अवधि के लिये सपत्नीक गृह नगर ''दिल्ली'' जाने की अवकाश यात्रा की अनुमति प्रदान की गई थी :—

1. श्री एच. के. सरीन—स्वयं
(31 मार्च से 2 अप्रैल 2012 तक)

2. श्रीमती रीना सरीन-पत्नी
(9 फरवरी से 2 अप्रैल 2012 तक)

(2) श्री एच. के. सरीन, भापुसे का उक्त अवकाश यात्रा के दौरान दिल्ली प्रवास पर स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण राज्य शासन द्वारा पूर्व समसंख्यक आदेश दिनांक 22 मार्च 2012 द्वारा स्वीकृत दिनांक 2 अप्रैल 2012 का आकस्मिक अवकाश निरस्त करते हुये तथा उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये, इन्हें दिनांक 31 मार्च से 7 अप्रैल 2012 तक आठ दिवस का लघुकृत अवकाश दिनांक 8 अप्रैल 2012 के विशेष अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है एवं उक्त अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 के विस्तार वर्ष 2012 में गृह नगर दिल्ली सपत्नीक जाने की अवकाश यात्रा की अनुमति निम्नानुसार प्रदान की जाती है :—

1. श्री एच. के. सरीन—स्वयं
(31 मार्च से 8 अप्रैल 2012 तक)

2. श्रीमती रीना सरीन-पत्नी
(9 फरवरी से 8 अप्रैल 2012 तक)

(2) पूर्व में जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 23 फरवरी 2012 की शेष कण्डिकाएं यथावत् रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 18 मई 2012

क्र. एफ 1(ए) 55-94-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 11 अप्रैल 2012 द्वारा श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक), पु. मु. भोपाल मध्यप्रदेश को दिनांक 25 अप्रैल से 7 मई 2012 तक कुल तेरह दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था.

(2) श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे द्वारा दिनांक 25 से 28 अप्रैल 2012 तक चार दिवस के अर्जित अवकाश का उपभोग न किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा पूर्व स्वीकृत तेरह दिवस के अर्जित अवकाश में से उक्त चार दिवस का अर्जित अवकाश निरस्त किया जाता है.

(3) पूर्व में जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 11 अप्रैल 2012 की शेष कण्डिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 22 मई 2012

क्र. एफ 1(ए) 211-1996-ब-2-दो.—डॉ. मयंक जैन, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेन्ज, उज्जैन को Mid Career Training Programme Phase-IV में दिनांक 14 मई से 22 जून 2012 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 25 जून से 6 जुलाई 2012 तक यू. के. में प्रशिक्षण उपरान्त दिनांक 7 से 12 जुलाई 2012 तक कुल छः दिवस का अर्जित अवकाश (Ex India) निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य (Hospitality) स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) उक्त अवकाश अवधि में डॉ. मयंक जैन, भापुसे उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेन्ज, उज्जैन का कार्य श्री राकेश गुप्ता, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, उज्जैन द्वारा अपने कार्यों के साथ-साथ सम्पादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. मयंक जैन, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेन्ज, उज्जैन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. मयंक जैन, भापुसे द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेन्ज, उज्जैन का कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप उपर्युक्त कंडिका 3 में उल्लेखित अधिकारी उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेन्ज, उज्जैन के अतिरिक्त कार्यभार से स्वतः कार्यमुक्त माने जायेंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. मयंक जैन, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. मयंक जैन, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 162-94-ब-2-दो.—(1) श्री आदर्श कटियार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 11 से 23 जून 2012 तक तेरह दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 9, 10 एवं 24 जून 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए, राज्य शासन, द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 के विस्तार वर्ष 2012 में गृह नगर यात्रा सुविधा की पात्रता के तहत सपरिवार "जम्मू कश्मीर" अवकाश यात्रा पर परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री आदर्श कटियार	—	स्वयं
2.	श्रीमती भारती कटियार	—	पत्नी
3.	कुणाल कटियार	—	पुत्र
4.	कु. सौम्या	—	पुत्री
5.	श्रीमती चंचल कटियार	—	माँ

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री आदर्श कटियार, भापुसे को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री आदर्श कटियार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, मध्यप्रदेश, भोपाल का कार्य पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम), रा.आ.अ.अ. ब्यूरो, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री आदर्श कटियार, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, मध्यप्रदेश, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री आदर्श कटियार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, मध्यप्रदेश, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका 3 में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री आदर्श कटियार, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आदर्श कटियार, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 25 मई 2012

क्र. एफ-1(ए)-107-86-ब-2-दो.—श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध), पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 24 मई से 2 जून 2012 तक दस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 3 जून 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ साथ स्वीकृत करते हुए राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 के विस्तार वर्ष 2012 में गृह नगर यात्रा सुविधा की पात्रता के तहत सपरिवार दार्जिलिंग, गंगटोक अवकाश यात्रा पर परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री व्ही. के. सिंह	—	स्वयं
2.	श्रीमती तुहिन सिंह	—	पत्नी
3.	कु. ज्योत्सना सिंह	—	पुत्री
4.	कु. रश्मि सिंह	—	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध), पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्य श्री कैलाश मकवाना, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (प्रबंध), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (प्रबंध), पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका 3 में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री व्ही. के. सिंह, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 11 मई 2012

फा. क्र. 17(ई) 8-2012-इक्कीस-ब (एक)-1559-12.—मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 (क्रमांक 8 सन् 2012) की धारा 3 की उपधारा (2) के साथ पठित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 17(ई) 8-2012-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 2 मार्च 2012 में निम्नलिखित संशोधन करती है:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 7 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	न्यायाधीश का नाम	मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 की धारा 3(1) के अधीन गठित विशेष, न्यायालय का नाम	मुख्यालय
(1)	(2)	(3)	(4)
7	श्री पंकज गौर, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 5 के विशेष न्यायाधीश, विद्युत् अधिनियम, इन्दौर.	विशेष न्यायालय क्रमांक-1, इन्दौर	इन्दौर

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होगी.

F. No. 17(E) 8-2012-XXI-B(One)-1559-12.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Niyam, 2011 (No. 8 of 2012) read with sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988) the State Government with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh hereby makes the following amendment in this Department's Notification F.No. 17(E) 8-2012-XXI-B(One), dated 2nd March 2012, namely:—

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial No. 7 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto, shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of the Judge	Name of the Special Court constituted u/s 3(1) of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Adhiniyam 2011	Headquarters
(1)	(2)	(3)	(4)
'7.	Shri Pankaj Gaur, Additional Sessions Judge & Special Judge of Special Court No. 5, Electricity Act, Indore.	Special Court No. 1, Indore	Indore

This Notification shall come into force with immediate effect.

भोपाल, दिनांक 11 मई 2012

फा. क्र. 17(ई) 8-2012-इक्कीस-ब (एक)-1559-12.—मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2012 के नियम 8 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 17(ई) 8-2012-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 2 मार्च 2012 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 7 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	प्राधिकृत अधिकारी का नाम	मुख्यालय के स्थान	अधिकारिता
(1)	(2)	(3)	(4)
7	श्री पंकज गौर, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 5 के विशेष न्यायाधीश, विद्युत् अधिनियम, इन्दौर तथा पीठासीन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 1, इन्दौर.	इन्दौर	राजस्व जिला देवास, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच और धारा का समाविष्ट क्षेत्र.

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होगी.

F. No. 17(E) 8-2012-XXI-B(One)-1559-12.—In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of Rule 8 of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Niyam, 2012 the State Government in consultation with the High Court

of Madhya Pradesh hereby, makes the following amendment in this Department's Notification F.No. 17(E) 8-2012-XXI-B(One), dated 2nd March 2012, namely:—

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial No. 7 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto, shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Authorized Officer	Place of Headquarters	Jurisdiction
(1)	(2)	(3)	(4)
7.	Shri Pankaj Gaur, ASJ, Special Judge of Special Court No. 5, Electricity Act, Indore & Presiding Judge Special Court No. 1, Indore.	Indore	Area comprising of Revenue Districts Dewas, Ratlam, Shajapur, Ujjain, Mandsaur, Neemuch & Dhar.

This Notification shall come into force with immediate effect.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 मई 2012

क्र. एफ-2-01-2009-ई-चार.—राज्य शासन द्वारा राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 की धारा 7(1)/ 7(5) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर को निम्नलिखित ऋणपत्रों/ऋण पर प्रत्याभूति दी गई थी. मध्यप्रदेश वित्त निगम द्वारा उक्त ऋणपत्रों/ऋण की राशि मय ब्याज सहित कुल राशि रुपये 39,26,50,000/- (रुपये उन्नचालीस करोड़ छब्बीस लाख पचास हजार) अदा करने के फलस्वरूप राज्य शासन उक्त ऋणपत्रों/ऋण के लिये प्रदत्त प्रत्याभूति को निरस्त करता है:—

(रुपये लाख में)

क्र. (1)	आदेश क्र. व दिनांक (2)	निहित दर (3)	प्रत्याभूति दी गई (4)	प्रत्याभूति समाप्ति की अवधि (5)	प्रत्याभूति राशि (6)
1	क्रमांक एफ 2-4/2002/ई/चार, दिनांक 21-2-2003.	8.30%	ऋण पत्र	18-2-2012	3761.50
2	557/703/4/एन-3/92, दिनांक 11-2-1992.	12%	ऋण पत्र	12-2-2012	165.00
				कुल . .	3926.50

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय चौबे, अवर सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 16 मई 2012

क्र. एफ-11-17-2008-तीस.—मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन राज्य शासन की अधिसूचना में क्रमांक एफ 11-17-2008-तीस, दिनांक 21 नवम्बर 2008 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के आशय की सूचना जारी की गयी थी जिसका प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र में दिनांक 21 नवम्बर 2008 को किया गया था.

(2) आयुक्त, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के पत्र क्रमांक 4683-संर-2009, दिनांक 28 जनवरी 2009 द्वारा सूचित किया गया है कि शासन की उक्त अधिसूचना के संबंध में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं है. आयुक्त, पुरातत्व ने उक्त स्मारक को संरक्षित घोषित करने की अनुशंसा की है.

(3) अतः, राज्य शासन, मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक, पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (3) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा, प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करता है:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व क्षेत्र जो क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	भिण्ड	अटेर	घिनौची	बारादरी एवं बगीचा (महल).	119	0.042	आबादी	नहीं.
					123	0.042		
					121	0.042		
					137	0.115		

(4) राज्य शासन का यह भी प्रस्ताव है कि उक्त संरक्षित स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/अवशेष के चतुर्दिक, 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों पर किसी भी प्रकार का उत्खनन अथवा निर्माण पुनरूद्धार का कार्य आयुक्त, पुरातत्व एवं अभिलेखागार, मध्यप्रदेश, भोपाल की अनुमति तथा निर्देशन में के अतिरिक्त प्रतिषिद्ध किया जावे, अतः राज्य शासन उक्त स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/ अवशेष के चतुर्दिक 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों के स्वत्वधारियों से अपेक्षा करता है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन के 45 दिवस के भीतर अथवा स्थानीय क्षेत्र में प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर जो भी बाद में हो, उक्त प्रस्ताव के संबंध में अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, संबंधित जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दें तथा सुनवाई के लिए जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित समय एवं स्थान पर उपसंजात हों.

क्र. एफ-11-6-2008-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उत प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	खरगौन	खरगौन	ऊन बुजुर्ग	हाटकेश्वर मंदिर	631	0.012 हेक्टेयर.	मध्यप्रदेश शासन, आबादी.	नहीं.

क्र. एफ-11-9-2010-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	उमरिया	पली	मढ़ी	सीतामढ़ी	186	1.20 हेक्टेयर.	मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग.	हां.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, उपसचिव.

सामाजिक न्याय विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 मई 2012

क्र. एफ 3-11-2009-छब्बीस-2.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ ए-3-03-2012-एक(1), दिनांक 23 फरवरी 2012 द्वारा माननीय श्री बालेन्दु शुक्ल, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य सामान्य निर्धन वर्ग कल्याण आयोग को मंत्री दर्जा प्रदान किया गया है.

राज्य शासन, एतद्द्वारा अध्यक्ष, मध्यप्रदेश, राज्य सामान्य निर्धन वर्ग कल्याण आयोग की सेवा शर्तें तथा अन्य सुविधाएं निम्नानुसार निर्धारित करता है:—

क्र. (1)	सुविधा का नाम (2)	देय सुविधाएं (3)
1	मानदेय एवं सत्कार भत्ता	रुपये 13,000/- प्रतिमाह
2	यात्रा/ दैनिक भत्ता	राज्य शासन के ''ए'' श्रेणी के अधिकारी की भांति
3	वाहन	1
4	वाहन चालक	1
5	पेट्रोल सीमा	120 लीटर प्रतिमाह
6	यात्रा सुविधा	वायुयान एवं रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी
7	चिकित्सा सुविधा	विधायक होने की स्थिति में विधायक के समान अन्यथा अखिल भारतीय सेवाओं के अनुरूप.
8	निजी स्टाफ	निजी सचिव—एक निजी सहायक—एक भृत्य—दो
9	दूरभाष	कार्यालय—एक निवास—एक
10	दूरभाष व्यय सीमा	रुपये 30,000/- प्रति वर्ष प्रति दूरभाष (किराया छोड़कर)
11	किराये के आवास की सुविधा	रुपये 20,000/- प्रतिमाह

नोट.—किराये का वाहन होने की स्थिति में किराये की गणना भी 120 लीटर प्रतिमाह के मान से होगी.

(3) उपरोक्त सेवा शर्तें वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 11-15-2010-नियम-चार, दिनांक 10 अगस्त 2011 एवं 29 फरवरी 2012 में निहित प्रावधान अन्तर्गत ऐसे अध्यक्ष एवं सदस्य जिन्हें पेंशन प्राप्त हो रही है की पेंशन का समायोजन उनके मानदेय राशि के विरुद्ध हो सकेगा, देय होगा.

(4) उपरोक्त सेवा शर्तें उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से लागू होंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एल. अहिरवार, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 मई 2012

क्र. एफ-3-124-2012-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (संशोधन 1973) की धारा 17-क (1) के तहत आमला विकास योजना प्रारूप 2021 हेतु निम्नानुसार समिति गठित करता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17-क (2) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17(1) की उपधारा	पद/व्यक्ति का नाम	संस्था का पता	पंचायत में सम्मिलित ग्राम	समिति में पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
क	अध्यक्ष	नगरपालिका परिषद्, आमला	-	सदस्य
ख	अध्यक्ष	जिला पंचायत, बैतूल	-	सदस्य
ग	संसद सदस्य	बैतूल	-	सदस्य
ग	विधायक	आमला	-	सदस्य
ड	लागू नहीं	लागू नहीं	-	सदस्य
च	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, आमला	-	सदस्य
छ	1 सरपंच	तोरणवाडा	खिडकी कलाँ, तोरण वाडा	सदस्य
	2 सरपंच	कनोजिया	कनोजिया, खानापुर	सदस्य
	3 सरपंच	देवगांव	काजली	सदस्य
	4 सरपंच	रमली	रमली	सदस्य
	5 सरपंच	नांदपुर	नांदपुर, सेमरिया, सांवरिया कमली	सदस्य
	6 सरपंच	रंभाखेडी	केदारखेडा (नांदीखेडा)	सदस्य
	7 सरपंच	परसोडा	परसोडा, नयेगांव	सदस्य
	8 सरपंच	हसलपुर	हसलपुर	सदस्य
	9 सरपंच	ससाबड	ससाबड	सदस्य
	10 सरपंच	आवरिया	घौसरा-खिडकीखुर्द	सदस्य
ज	1 प्रतिनिधि	इन्टीट्यूट आफ टाऊन प्लानर्स इंडिया का प्रतिनिधि	-	
	2 प्रतिनिधि	इन्टीट्यूट आफ इंजिनियर इंडिया का प्रतिनिधि	-	सदस्य
	3 प्रतिनिधि	इन्टीट्यूट आफ आर्कीटेक्टचर इंडिया का प्रतिनिधि	-	सदस्य
	4 प्रतिनिधि	कलेक्टर, बैतूल	-	सदस्य
	5 प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग आमला/बैतूल.	-	सदस्य
	6 प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आमला/बैतूल.	-	सदस्य
	7 प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन आमला/बैतूल.	-	सदस्य
झ	संयुक्त संचालक समिति संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, भोपाल.	-	संयोजक

क्र. एफ 3-152-2012-बत्तीस.—मध्यप्रदेश शासन नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17(क)(1) के अन्तर्गत बांधवगढ़ विकास योजना प्रारूप 2031 हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17(क)(2) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी:—

धारा 17(1) की उपधारा	व्यक्ति का नाम	संस्था/पता	समिति में पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	कोई नहीं	—	—
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, उमरिया	सदस्य
(ग)	लोक सभा सदस्य	संसदीय क्षेत्र, शहडोल	सदस्य
(घ)	विधायक	विधानसभा क्षेत्र, मानपुर	सदस्य
(ङ)	कोई नहीं	—	—
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, मानपुर	सदस्य
(छ)	सरपंच	ग्राम पंचायत, बरबसपुर	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, चंदवार	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, चंसुरा	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, झाल	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, चितरांव	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, नौगंवा	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, टिकुरीटौला	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, धमोखर	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, घघड़ार	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, मुड़गुड़ी	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, कोड़ार	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, सरसवाही	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, ददरोड़ी	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, मझगंवा	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, रोहनिया	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, सिगुड़ी	सदस्य
	सरपंच	ग्राम पंचायत, पलझा	सदस्य
(ज)	कलेक्टर	जिला उमरिया	सदस्य
	कांउसिल ऑफ आर्कीटेक्चर का प्रतिनिधि.	नई दिल्ली	सदस्य
	इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स का प्रतिनिधि. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया		सदस्य
	कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी.	उमरिया	सदस्य
	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग	उमरिया	सदस्य
	वन मंडलाधिकारी वन मंडल	उमरिया	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक—उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, शहडोल, (म.प्र.)		संयोजक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा), मध्यप्रदेश

राजगढ़, दिनांक 14 मई 2012

क्र. सं.रो.नि.-2012-9315.--राजगढ़ जिले में संक्रामक रोग हैजा, आंत्रशोध, उल्टी-दस्त के फैलाव की आशंका के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है कि इन संसर्गिक बीमारियों के प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किये जावें.

अत: मैं एम. बी. ओझा, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, आपत्तिक संक्रामक रोग विनिमय, 1979 के नियम-3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण राजगढ़ जिले को अधिसूचित घोषित करता हूं तथा आदेश देता हूँ कि :—

(क) अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों के उपहार गृहों, भोजनालयों, होटलों, जनता के लिए खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्माण करने या उसके प्रदाय के लिये ली गई स्थापना में विक्रय या निर्मूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर :—

1. बासी मिठाइयों या खराब वस्तुओं या सड़े-गले फलों, मांस, मछलियों, अण्डों की बिक्री बंधित रहेगी.

2. ताजी मिठाइयां, नमकीन, फल-सब्जियों, दूध, दही, उबली चाय, काफी, शर्बत, मांस-मछली, अण्डे आईसक्रीम, कुल्फी आदि खाद्य पदार्थों, बर्फ के लड्डू व चूसने वाले अन्य पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जावेंगे. उन्हें जालीदार ढक्कनों से ढक कर इस प्रकार रखें कि मक्खी, मच्छर आदि विषाणुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिए दूषित अस्वास्थ्यकर अथवा अनुपयोगी न हो सके.

(ख) इस आदेश द्वारा प्रतिबंध अवधि में घोषित अधिसूचना में इस क्षेत्र से बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण "क" (1) एवं (2) में उल्लेखित वस्तुओं तथा तैयार कर एवं पकाये हुये भोजन न तो लायेगा और ना ही ले जायेगा.

(ग) इस आदेश द्वारा प्रतिबंध अवधि में घोषित अधिसूचना क्षेत्र में किसी भी बाजार, भवन, दुकान, स्टॉल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थानों में प्रवेश करने, विद्यमान ऐसी वस्तुओं की जांच पड़ताल करने हटाने व नष्ट करने के लिए अभिप्रेरित हैं, और अन्य उपयुक्त वस्तुओं के अधिग्रहण करने, हटाने व नष्ट करने या ऐसी रीति से निर्वसन करने के लिये जिसमें वह मानव द्वारा उपयोग में लाये जाने से रोका जा सके. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं:—

1. जिले के समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.

2. जिले के ऐसे चिकित्सा पदाधिकारी जो सहायक चिकित्सा अधिकारी के पद के नीचे के स्तर के न हों तथा शासकीय वैद्य, आयुर्वेदिक औषधालय.

3. ऐसे आरक्षक जो प्रधान आरक्षक की श्रेणी से नीचे न हों.

4. स्वास्थ्य अधिकारी/ स्वच्छता निरीक्षक/खाद्य निरीक्षक, जिला राजगढ़.

5. समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जिला राजगढ़.

6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, राजगढ़/ ब्यावरा/नरसिंहगढ़/सारंगपुर/खिलचीपुर/जीरापुर.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारियों अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं नालियों, नालों, गटरों, पानी के गड्डों, पोखरों, जल कुण्डों, सण्डासों, संक्रामक बिस्तरों, कूड़ा करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी को हटाने उक्त संबंध में सूचित रोगाणुनाशक पदार्थों का समुचित उपयोग करने के लिये आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होंगे तथा आगामी छ: माह की अवधि या अन्य आदेश तक जो पहले हों तक प्रभावशील होगा.

एम. बी. ओझा, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सतना, मध्यप्रदेश

क्र. 310-राजस्व-4-आर.एम.-2012 सतना, दिनांक 17 मई 2012

करारनामा

सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल
जरिये कलेक्टर, सतना.

प्रथम पक्ष

के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड, मैहर, जिला सतना

द्वितीय पक्ष

सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (प्रथम पक्ष) के ज्ञाप क्रमांक एफ-12-02/2012/सात/2ए, भोपाल, दिनांक 27 फरवरी 2012 से द्वितीय पक्ष के द्वारा स्थापित हो रहे के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड, मैहर, जिला सतना के रेल्वे लाईन एवं सड़क निर्माण हेतु भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के तहत ग्राम सोनवारी की भूमि रकबा 2.54 हे. ग्राम गिरगिटा की 1.971 हे. ग्राम लखवार की 9.338 हे. एवं ग्राम लखनपुर की 0.333 हे. तथा ग्राम हरनामपुर की आराजी क्रमांक 532/398 का अंश रकबा 0.50 डि. इस प्रकार कुल 14.382 हेक्टेयर निजी भूमि के भू-अर्जन की सशर्त स्वीकृति देते हुये उक्त अधिनियम की धारा 41 के प्रावधानों के अनुरूप यह करारनामा निष्पादित किया जा रहा है.

मध्यप्रदेश शासन ने भू-अर्जन अधिनियम की धारा 40 के अधीन की गई जांच से संतुष्ट होकर कि प्रस्तावित अर्जन मे. के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड के रेल्वे लाईन एवं सड़क निर्माण के लिये आवश्यक है और उक्त कार्य आम जनता के लिये उपयोगी सिद्ध होने की संभावना मानते हुये के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड मैहर, जिला सतना की ओर से निजी भूमि अर्जित करने की अनुज्ञा दी है. यह करारनामा निम्नलिखित मुद्दों का साक्षी है :—

1. यह कि द्वितीय पक्ष, के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड, मैहर, जिला सतना का व्हाइस प्रेसीडेंट कामर्शियल एवं प्रिंसिपल आफीसर ऑफ कंपनी हूं.

2. भारत सरकार की वर्ष 2007 (अधिसूचित 31-10-07) की राष्ट्रीय पुनर्वास एवं पुर्नस्थापना नीति, मध्यप्रदेश शासन की पुनर्वास नीति एवं केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के समय-समय पर जारी निर्देश एवं शर्तें होंगी, जिसका पूर्णत: पालन करते हुये पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन की कार्यवाही की जावेगी.

3. कंपनी द्वारा (इस आशय की करारनामें या वचनबद्धता के अनुसार) जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है उनके परिवार के कम से कम एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा.

4. भू-अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत भू-अर्जन की जा रही भूमि के मूल्यांकन के आधार पर शत-प्रतिशत राशि के साथ 10 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने के आदेश का पालन किया जावेगा.

5. संबंधित कंपनी के लिये भू-अर्जन किये जाने संबंधित कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू-अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तों के अनुसार किया जायेगा.

6. संबंधित परियोजना को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कम्पनी द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति एवं भारत सरकार की पुनर्वास नीति 2007 एवं अन्य निर्देश के अन्तर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जायेगी.

7. कंपनी के संबंध में करारनामा, वचनबद्धता एवं शर्तें आदि लागू करने के लिए कलेक्टर जो भी कार्यवाही करेंगे, मान्य होगी.

8. भूमि के किसी उपयोग या उस पर किसी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां, अनुमोदन एवं अनापत्तियां संबंधित संस्था नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं से आवश्यक आपत्तियां संबंधित कंपनी को प्राप्त करना होगी तथा मास्टर प्लान एवं पर्यावरण संस्था के नियमों आदि का पूर्ण पालन किया जायेगा.

9. अर्जित की गई निजी भूमि का वार्षिक व्यपवर्तन कर कंपनी द्वारा देय होगा.

10. भूमि जिस उपयोग के लिये अर्जित की जा रही है वही उपयोग कंपनी द्वारा किया जायेगा.

11. भूमि पर निर्माण कार्य कराते समय सामान्य जनता के निस्तार आदि का ध्यान रखा जायेगा.

12. कंपनी को दी गई भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण अथवा भवन आदि को बेचने, बंधक रखने, दान देने, पट्टे पर देने या अन्य प्रकार से अन्तरित करने का अधिकार नहीं होगा. (धारा 44-ए, भू-अर्जन अधिनियम के तहत).

13. यदि कंपनी को दी गई भूमि/भवन उसके किसी भी भाग को विक्रय करती है तो भूमि अथवा उस पर निर्मित भवन, इमारतें शासन को कब्जे में लेने का अधिकार होगा और कंपनी को किसी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा.

14. भूमि की केवल सतह का उपयोग किया जायेगा. आवश्यक निर्माण जैसे भवन निर्माण, नींव आदि के अतिरिक्त खुदाई नहीं की जायेगी तथा ऐसी खुदाई में प्राप्त खनिज पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान करना होगा.

15. शासन की पुर्वानुमति के बिना भूमि के उपयोग के स्वरूप को बदला नहीं जावेगा.

16. पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त आवश्यक वृक्षारोपण किया जावेगा.

17. कंपनी द्वारा प्रदूषण निवारण हेतु व्यवस्था की जावेगी. इस संबंध में शासन के संबंधित विभाग के आदेशों का पालन करना होगा तथा उनसे एवं प्रदूषण निवारण मंडल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होंगे कि पर्यावरण, जलस्रोत या वायु में प्रदूषण नहीं किया जावेगा.

18. यदि कभी उक्त भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन के लिए नहीं होता है या बाद में कभी बंद कर दिया जाता है तो भूमि तथा उस पर निर्मित भवन, सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जावेगी और कंपनी को इस हेतु मुआवजा देय नहीं होगा.

19. भूमि या उसके किसी भी भाग या उस पर बने किसी भवन आदि को उक्त उल्लेखित उपयोग के अलावा न तो किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जायेगा और न ही पट्टे या किराये पर दिया जायेगा.

20. भू-अर्जन की मुआवजा की राशि रुपये 5 लाख प्रति एकड़ अथवा पुनर्वास नीति में उल्लेखित राशि में से जो भी अधिक हो, कंपनी से ली जावेगी.

21. मौके की स्थिति या स्थानीय आवश्यकतानुसार भू-अर्जन की कार्यवाही के दौरान कलेक्टर द्वारा लगाई अन्य आवश्यक शर्तें, मान्य होगी.

हस्ता./-
(कुशल सिंह सिंधवी)
व्हाइस प्रेसीडेंट कामर्शियल एवं
प्रिसिंपल आफीसर ऑफ कंपनी
के.जे.एस. सीमेंट लिमिटेड, मैहर,
जिला सतना (मध्यप्रदेश).

हस्ता./-
(के. के. खरे)
कलेक्टर,
जिला सतना, (मध्यप्रदेश).

साक्षियों के हस्ताक्षर
(पूरा नाम, पिता का नाम एवं पूरा पता)

साक्षी क्रमांक-1 हस्ता./-
नाम : **नागेन्द्र सिंह S/0 श्री** R.D. Singh
पता : Bahaar, Satna.

साक्षी क्रमांक-2 हस्ता./-
नाम : **सुनील त्रिपाठी S/0 एल.पी. त्रिपाठी**
पता : पन्ना रोड, सतना.

साक्षी क्रमांक-1

Sd./-
(Rajiv Dikshit)
Dy. Collector,
Satna.

साक्षी क्रमांक-2
Sd./-
(Ashutosh Tiwari)
ASO
Collectorate (Food), Satna.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सतना, मध्यप्रदेश

सतना, दिनांक 20 अप्रैल 2012

क्र. 167-सामान्य-शाखा-12.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग ''मंत्रालय'' वल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ-19-196-2003-एक-4, भोपाल, दिनांक 28 जून, 2004 द्वारा गठित समिति के निर्णय के अनुसरण में उपरोक्त शासन आदेश की कंडिका 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा जिला चिकित्सालय, सतना का नामकरण ''सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय, सतना'' किये जाने का आदेश दिया जाता है.

के. के. खरे, कलेक्टर.

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल, दिनांक 24 मई 2012

क्र. एफ-12-1-रा.स.-यू.ए.-5-2004-775.—इस सचिवालय की समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ-12-1-रा.स.-यू.ए.-5-2004-820, दिनांक 18 मई 2010 के अनुक्रम में एवं जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 की धारा 25 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महामहिम कुलाधिपति द्वारा डॉ. पीतम चंद्र, संचालक, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, नबी बाग, भोपाल को अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (दस) के अन्तर्गत जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रमण्डल में सदस्य मनोनीत किया जाता है.

कुलाधिपति, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,
जबलपुर के आदेशानुसार,
शैलेन्द्र कियावत, राज्यपाल के उपसचिव.

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल

प्लाट नं. 76, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 मई 2012

क्र. 311-282-2006.—मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल के आदेश क्र. 311-282-2006, दिनांक 13 दिसम्बर 2007 द्वारा जिला फोरम विदिशा में स्वीकृत उच्च श्रेणी लिपिक (लेखा) का पद जिला फोरम, इन्दौर की स्थापना के लिए स्थानांतरित किया गया था. उक्त पद जिला उपभोक्ता फोरम विदिशा को तत्काल प्रभाव से वापिस किया जाता है.

माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य आयोग के आदेशानुसार,
जी. के. शर्मा, रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सागर, मध्यप्रदेश

सागर, दिनांक 25 मई 2012

क्र. 2012-1336.—मध्यप्रदेश पशु (नियंत्रण) अधिनियम, 1976 की धारा 4 की प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नगरपालिक निगम, सागर द्वारा मध्यप्रदेश राजपत्र, दिनांक 15 नवम्बर, 2002 में प्रकाशित नगरपालिक निगम, सागर पशु (नियंत्रण) आदेश 2001 सम्पूर्ण नगर निगम सीमा क्षेत्र पर प्रभावशील किये जाने के परिणाम स्वरूप निगम सीमा क्षेत्र के भीतर पशुओं को रखा जाना निषेधित किया गया है.

अतः, नगर निगम, सागर सीमा क्षेत्र के भीतर स्थित पशुपालकों को अपने पशुओं को निगम सीमा के बाहर स्थित चिन्हित ग्रामों में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है. अनुविभागीय अधिकारी, सागर द्वारा निम्नांकित ग्रामों को चिन्हित किया गया है.

(1) ग्राम भैंसा, प.ह.नं. 45, (2) ग्राम पगारा, प.ह.नं. 44, (3) ग्राम कुडारी, प.ह.नं. 42, (4) ग्राम कपूरिया, प.ह.नं. 43, (5) ग्राम पथरिया हाट, प.ह.नं. 47, (6) ग्राम विहारीपुरा, प.ह.नं. 46, (7) ग्राम अमावनी, प.ह.नं. 46, (8) ग्राम गढोलीखुर्द, प.ह.नं. 46, (9) ग्राम बेरखेड़ी सुबंस, प.ह.नं. 48, (10) ग्राम सिलेरा, प.ह.नं. 48, (11) ग्राम हपसिली, प.ह.नं. 48, (12) ग्राम बम्होरी रैगुवा, प.ह.नं. 49, (13) ग्राम रजौवा, प.ह.न. 52, (14) ग्राम बदौना, प.ह.नं. 51, (15) ग्राम आमेठ, प.ह.नं. 53, (16) ग्राम अर्जुनी, प.ह.नं. 53, (17) ग्राम बर्नावद, प.ह.नं. 59, (18) ग्राम बम्होरी वीका, प.ह.नं. 61, (19) ग्राम मेनपानी, प.ह.नं. 62, (20) ग्राम मझगुवां अहीर, प.ह.नं. 54, (21) ग्राम मझगुवां ग्रंट, प.ह.नं. 54, (22) ग्राम मझगुवां प.ह.नं. 84, (23) ग्राम रतौना, प.ह.नं. 50, (24) ग्राम लहदरा, प.ह.नं. 50, (25) ग्राम कैरवना, प.ह.नं. 80, (26) ग्राम रूसल्ला, प.ह.नं. 78, (27) ग्राम बम्होरी डूढर, प.ह.नं. 85, (28) ग्राम सानौधा, प.ह.नं. 99, (29) ग्राम सेमरावाग, प.ह.नं. 70, (30) ग्राम पटकुई, प.ह.नं. 69, (31) ग्राम सिरोंजा, प.ह.नं. 74, (32) ग्राम बडतूमा, प.ह.नं. 75, (33) ग्राम तालचिरी, प.ह.नं. 146.

अतः समस्त पशु पालक जो निगम सीमा क्षेत्र के भीतर पशुओं को रखकर दुग्धशालिक/डेयरी का व्यवसाय कर रहे हैं, वे इन उपरोक्त दर्शाये चिन्हित ग्रामों में स्वयं के व्यय पर व्यवस्थापित होकर दुग्ध/डेयरी व्यवसाय कर सकते हैं.

ई. रमेश कुमार, कलेक्टर.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

शाजापुर, दिनांक 8 फरवरी 2012

क्र. भू-अर्जन-12-42.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद्द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
शाजापुर	शाजापुर	भदौनी	0.06 निजी भूमि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग शाजापुर.	भदौनी-सारली सड़क मार्ग में ली गई भूमि.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शाजापुर/भू-अर्जन अधिकारी, शाजापुर के कार्यालय में किया जाता है.

शाजापुर, दिनांक 30 अप्रैल 2012

क्र. भू-अर्जन-2012-141.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में बताये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंध के अधीन इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	कुल भूमि (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
